तापमान

अधिकतम 44.8 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 12 जून 2024



12 समर कैंप में बच्चों ने गायन से लेकर एक्टिंग ...



12 सिंहपुरा मोहल्ला से मुख्य बाजार में पैदल आना-जाना मुश्किल

# लू के थपेड़ों ने लोगों को दिन भर किया परेशान, सड़कें रही सुनीं

## चिकित्सक भी लोगों को घर में रहने की सलाह दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बदलते मौसम के बीच इन दिनों धर्मनगरी में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी देखने को मिल रही है। गर्मी के कारण धर्मनगरी की सड़के तेज गर्मी के चलते दिनभर सुनी रही, हालांकि लोग रात के समय थोड़ा मौसम ठंडा होने के बाद घूमने निकले। तेज गर्मी ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। बच्चों को भी घर में ही रखकर उनकी सेहत का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। मंगलवार का अधिकतम तापमान 44 डिग्री रहा जो कल की तुलना में अधिक है। ऐसे में धर्मनगरीवासियों को गर्मी से बचने के लिए अभी कुछ दिन घर में रहना होगा। गौरतलब है कि तेज गर्मी के चलते लोगों को कई तरह की बिमारियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में चिकित्सक भी लोगों को घर में रहने की सलाह दे रहे है उनका कहना है कि बार-बार पानी पीते रहे। ठंडी चीजों का सेवन करते रहे।

- तेज गर्मी में आने-जाने से बचे



कुरुक्षेत्र। दोपहर के समय विरान पड़ा झांसा रोड। फोटो : हरिभूमि

तेज गर्मी में आने-जाने से बचे. खासकर बच्चों का विशेष ध्यान रखे। मंगलवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लू के थपेड़ों ने भी लोगों को दिन भर परेशान रखा।

मंगलवार को वर्किंग डे होने के कारण सड़कों पर लोगों की संख्या कम ही रही। वहीं पेय पदार्थों की रेहड़ी के बाहर लोगों की भीड़ देखी गई। मौसम विभाग की माने तो अगले कुछ दिनों में तापमान और अधिक बढ़ सकता है। लोगों को दिन में ही गर्मी से दो चार नहीं होना पड़ रहा बल्कि रात में भी कोई आराम नहीं मिल रहा है। गर्मी के सीजन का रात का तापमान भी अधिक बढ़ा है।

### छोटे बच्चे आ रहे लू की चपेट में

गर्मी व लू के कारण छोटे बच्चे लू की चपेट में आ रहे है। सरकारी अस्पताल व प्राइवेट अस्पताल की रिपोर्ट की बात कर रहे तो हर दिन 200 से अधिक बच्चे इलाज के लिए चिकित्सकों के पास आ रहे है। स्कूलों में अवकाश है ऐसे में बच्चे घर पर है। लेकिन परिजन घूमाने के बहाने बच्चों को लेकर जा रहे है। ऐसे में वो लू की चपेट में आ रहे है।

### गर्मी से बचने के लिए ये करे बचाव

- अधिक से अधिक मात्र में पानी पीये।
- दोपहर के समय में बाहर न निकले।
- बच्चों को घर से बाहर न निकाले।
- बाहर जाते समय सिर पर कपड़ा अवश्य ले।

## खबर संक्षेप

### चेन छीनने वाला दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने तहसील कैंप में स्थित पिज्जा गैलरी में सहेलियों के साथ बैठी महिला ज्योति पत्नी धीरज निवासी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के गले से सोने की चेन तोड़कर भागने वाले आरोपी को सोमवार देर शाम सिवाह बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान कुलदीप पुत्र बैजनाथ निवासी अशोक विहार कॉलोनी के रूप में हुई। पुलिस ने उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### ननदों से परेशान होकर किया था सुसाइड

**पानीपत।** थर्मल कालोनी क्षेत्र स्थित सुंदर नगर में किराये के कमरे में निवास कर रही नेहा रानी ने अपनी नाबालिग ननदों से परेशान होकर फांसी पर लटक कर आत्महत्या की थी। नेहा के पिता शंभू शाह की शिकायत पर थाना मतलौडा पुलिस ने नेता के पति पति दलीप, इसके चाचा राजेंद्र व योगेंद्र, इसकी पत्नी व दोनों की नाबालिंग बेटियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नेहा के परिजनों का दावा है कि नाबालिग ननदें घर में लड़कों को बुलाती थीं। जब नेहा ने इसका विरोध किया तो पति के सामने उसके द्वारा लड़कों को बुलाने की बात कही गई। इसी से परेशान होकर उसने आत्महत्या कर ली।

### स्नेचिंग के मामले में दो आरोपी को दबोचा

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में पुलिस ने आरोपी अमन व संदीप को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया है। पीडित महिला ने 2 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 जून 2024 को एकता विहार के पास मोटरसाईकिल सवार युवकों ने उसका पर्स छीनने का अपराधिक कार्य किया है।

### कबूतरबाजी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में पुलिस ने आरोपी बलवद्रिं सिंह को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 13 अगस्त 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 जून 2022 से 26 जुलाई 2023 के दौरान आरोपी बलवद्रिं सिंह ने उसके पुत्र को विदेश भेजने के मामले में उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधडी करने व जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया किया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अरविंद कुमार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। पीड़िता ने 7 मई को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 2 अक्तूबर 2022 से 3 दिसम्बर 2023 विवाह के समय से ही उसके ससुराल पक्ष के लोग अधिक दहेज की मांग हेतू उसे प्रताड़ति कर जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं।

# मकान बेचने के नाम पर महिला से हड़पे 14 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मकान बेचने पर नाम पर गांधी नगर थाना क्षेत्र की कृष्णा कॉलोनी निवासी रश्मी रशमी बावा से 14 लाख रुपये हड़प लिए। आरोप कॉलोनी की ही दीप्ति चुघ, उसके पति अनिल चुघ व बेटे साहिल चुघ पर लगा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कृष्णा कालोनी निवासी रशमी बावा ने गांधी नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि साल 2023 में वह मकान खरीदने की तैयारी कर रही थी। तब उसे पता चला कि कृष्णा कॉलोनी निवासी दीप्ति चुघ अपना मकान बेच रही है। तब उसने आरोपी दीप्ति चुघ, उसके पति अनिल चुघ व बेटे साहिल चुघ से मुलाकात हुई। आरोपियों ने उसे कृष्णा कॉलोनी चांदपुर में 166.66 वर्ग गज का मकान दिखाया। उस समय आरोपियों ने कहा था कि इस मकान पर कोई विवाद नहीं है। 11 मई 2023 को मकान बेचने का इकरारनामा आरोपी दीप्ति के पति अनिल चुघ ने बतौर गवाह के रूप में किया। उन्होंने मकान की कीमत 61 लाख रुपये तय की थी। जिसमें से सात लाख रुपये उसने उन्हें तभी दे दिए थे। सात लाख रुपये लेने के बाद उसने अलग अलग कर आरोपियों ने उसे सात लाख रुपये और आरटीजीएस के माध्यम से ले लिए। आरोप है कि तय समय पर आरोपी रजिस्ट्री कराने नहीं आए। जब उनसे मकान की असली रजिस्ट्री मांगी तो उन्होंने लेमिनेशन की हुई रजिस्ट्री दी। जब इसकी जांच कराई तो पता लगा कि कलर फोटो स्टेट लगाकर लेमिनेशन कराई हुई है। जांच करने पर उसे पता चला कि आरोपियों ने मकान पर लोन लिया हुआ है। मकान की असली रजिस्ट्री बैंक में गिरवी रखी है। उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। गांधी नगर थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पुलिस ने परिवार के तीन लोगों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

# अंबाला से नारायणगढ़ के लिए रात के समय चली पहली बस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़



अंबाला कैंट और अंबाला शहर से नारायणगढ़ के लिए शुरू हुई रात्रि बस सेवा शुरू हो गई है। क्षेत्रवासियों ने बस सेवा का स्वागत करते हुए सरकार और परिवहन विभाग का धन्यवाद किया है। बस स्टैंड नारायणगढ़ के स्टेशन सुपरवाइजर अजय कुमार ने बताया कि अंबाला कैंट से रात्रि 9 बजे नारायणगढ़ के लिए बस सेवा शुरू हो चुकी है और इसी प्रकार अंबाला शहर से नारायणगढ के लिए रात्रि 7.30 बजे बस सेवा शुरू की गई है। बता दें कि यह रात्रि बस सेवा शुरू करने को लेकर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सुरेंद्र राणा के नेतृत्व में जीएम हरियाणा रोडवेज अंबाला अश्वनी डोगरा से मिले थे और यह मांग की थी। जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा ने जल्द ही लोगो की यह मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था। रात्रि बस सेवा शुरू करने पर श्री सनातन धर्म महावीर दल के प्रधान प्रीतम लाल गुलाटी, आहलुवालिया सभा के प्रधान मुकेश वालिया, न्यू अनाज मंडी के कच्चा आढती एसोसिएशन के प्रधान योगद्रिं मोहन शर्मा, सरपंच कैप्टन केहर सिंह धनाना, युवा मनीष बंसल शहजादपुर, रोहताश सिंह, सरपंच योगेश राणा सहित अन्य लोगों ने भी रात्रि बस सेवा शुरू करने का स्वागत करते हुए सरकार, परिवहन विभाग तथा जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा का आभार व्यक्त किया है। इन लोगों का कहना है कि यह बस सेवा शुरू होने से लोग आसानी से रात्रि के समय नारायणगढ़ पहुंच पाएंगें।

- अंबाला कैंट से रात्रि 9 बजे नारायणगढ़ के लिए बस सेवा शुरू, अंबाला शहर से रात 7.30 बजे चलेगी बस

# समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर कड़ा निर्णय लेंगे रोडवेज कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर





यमुनानगर के बस स्टैंड स्थित यूनियन के कार्यालय में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा डिपो यमुनानगर के सदस्यों की बैठक सोमवार को यूनियन कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के प्रधान महिपाल सौदे, राजिंद्र कांबोज, मुकेश पोसवाल, जगजीत सिंह व रघबीर सिंह ने संयुक्त रुप से की। मंच संचालन यूनियन के डिपो सचिव राजेश कांबोज,प्रदीप कुमार, संजीव सैनी व मनिंद्र सिंह ने किया।

बैठक में रोड़वेज कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार किया गया। मोर्चा के प्रधान महिपाल सौदे, राजिंद्र कांबोज, मुकेश पोसवाल, जगजीत सिंह व रघबीर सिंह ने संयुक्त रुप से कहा कि पिछले काफी समय से रोड़वेज कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। वहीं, उनकी मांगे लंबित पड़ी हैं। मगर डिपो के महाप्रबंधक द्वारा उनकी मानी हुई मांगे लागू नहीं की जा रही है। वहीं, चालकों व परिचालकों को नाजायज चार्जशीट किया जा रहा है। इसके अलावा सरकार द्वारा तय किए गए किलोमीटर से अधिक किलोमीटर लिए जा रहे हैं। जो कि एक गंभीर विषय है। एक साल से अधिक का टीए बकाया है। ओवर टाइम का बकाया पड़ा है। हालात इतने खराब हैं कि अधिकारियों को सरकार के आदेशों की भी परवाह नहीं रही है। कर्मचारियों की वर्दी का बजट अभी तक नहीं आया है। वहीं,अभी तक कर्मचारियों को जूते व वर्दी के पैसे नहीं दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सांझा मोर्चा का प्रतिनिधिमंमडल बुधवार को महाप्रबंधक से मिलकर उनकी मानी हुई मांगे पूरी किए जाने व रोडवेज कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग करेगा। प्रधान महिपाल सौदे व राजिंद्र सिंह आदि ने कहा कि कौशल रोजगार निगम के तहत लगाए गए कर्मचारियों की तीन महीने का वेतन नहीं दिया गया है। यही नहीं अपने कार्यों को पूरा करवाने के लिए रोडवेज कर्मचारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि महाप्रबंधक द्वारा उनकी मानी गई मांगे व समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया तो मोर्चा के सदस्य कड़ा निर्णय लेने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर फूल कुमार कांबोज, संजय , कुलदीप, धर्मेंद्र, संजय कुमार, संजीव कुमार, पवन कुमार, मुकेश कुमार, पकंज कांबोज, चंद्रपाल, नंदलाल कांबोज आदि मौजूद रहे।

- -हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा की आयोजित हुई बैठक

# जमानत पर आए व्यक्ति से 30 ग्राम हेरोइन बरामद

यमुनानगर । एनडीपीएस एक्ट के केस में जमानत पर आए आत्मापुरी कालोनी निवासी आरिफ उर्फ प्याला को हमीदा चौकी पुलिस टीम ने 30 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। हमीदा चौकी इंचार्ज गुरदयाल सिंह ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी आरिफ गढ़ी रोड आत्मापूरी मोड पर नशीले पदाथोंर् के साथ घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर राजीव कुमार, अखिलेश व सुरेश की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे आरोपी को हिरासत में लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी राजेश कुमार को बुलाया गया। उसनके सामने आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके पास से 30 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपित डीजे का काम करता है। उसकी आड़ में ही वह उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर आता और यहां सप्लाई करता। बताया जा रहा है आरोपी पर पहले भी एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज है। फिलहाल आरोपी जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ है।

# हरिद्वार रूट का विस्तार करेगा हरियाणा रोडवेज

**पानीपत।** गर्मी के अवकाश व गंगा दशहरा पर्व के मद्देनजर पानीपत से हरिद्वार का सफर और सुगम होने जा रहा है। इस रूट पर जल्द ही बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। हालांकि अभी पानीपत से हरिद्वार के लिए 18 टाइम फिक्स किए गए हैं, वही, चल रहे ज्येष्ठ माह में अगले सप्ताह गंगा दशहरा को लेकर हरियाणा रोडवेज विशेष इंतजाम की तैयारी में है। पानीपत डिपो हरिद्वार के लिए पांच से छह अतिरिक्त बसों का इंतजाम करेगा। इसके अलावा दूसरे डिपो से भी वाया पानीपत से हरिद्वार की सर्विस बढ़ाने के लिए विस्तार से चर्चा हो रही है। हरिद्वार में बढ़ रहे यात्रियों को देखते हुए दूसरे डिपो से भी बसों की सर्विस को बढ़ाया जा रहा है। जींद डिपो से वाया पानीपत तीन बसों का संचालन किया गया है। वहीं कैथल, भिवानी, रेवाड़ी डिपो से भी हरिद्वार के लिए बसों की सुविधा यात्रियों को दी जाएगी। रोडवेज विभाग के अनुसार गंगा दशहरा पर्व के स्नान को लेकर कर्मचारियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाएगी। यमुना बोर्ड व हरिद्वार में आयोजित मेले से पांच कर्मचारी सवारियों को बसों में ले जाने के लिए व्यवस्था बनाएंगे। जो वहां से रोडवेज बसों में सवारियों को ले जाया जाएगा। स्मरणीय है कि हरिद्वार रूट पर सबसे ज्यादा सवारियां रहती है। ज्येष्ठ माह अभी शुरू हुआ है और यात्रियों की संख्या में अभी से इजाफा होना शुरू हो गया है। अभी लंबे रूट वाली बसों से ही काम चलाया जा रहा है। यदि संख्या अधिक हुई तो चुनिंदा लोकल रूटों को बंद कर हरिद्वार के लिए बसों की व्यवस्था की जा सकती है।

- गर्मी के अवकाश व गंगा दशहरा पर्व पर लगातार बढ़ रही है हरिद्वार जाने वाले यात्रियों की संख्या

# पहलवान साहिल का एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन

**इसराना ।** इसराना की हनुमान व्यायामशाला के साहिल जागलान का 97 किलोग्राम भार वर्ग-23 फ्री स्टाइल कुश्ती में जॉर्डन में होने जा रही एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। साहिल जागलान के चयन होने से हनुमान व्यायामशाला में खुशी छाई हुई है। हनुमान व्यायामशाला के कोच सोनू ने बताया कि दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित ट्रायल में फ्री स्टाइल कुश्ती 97 किलोग्राम भार वर्ग में अंडर-23 में साहिल जागलान का 22 जून से 23 जून तक जॉर्डन में हो रही एशियन चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित ट्रायल में साहिल ने दिल्ली व महाराष्ट्र के पहलवानों को हराया। साहिल जागलान की इस उपलब्धि पर हनुमान व्यायाम शाला इसराना व पूरे गांव में खुशी का माहौल है। विजेता पहलवान साहिल जागलान ने बताया कि उसका लक्ष्य ओलंपिक में गोल्ड ला कर देश का गौरव बढ़ाना है।

## धर्मनगरी में पेड़ों से बैनर्स व होर्डिंग्स मुक्ति का चलाया अभियान

# ग्रीन अर्थ ने उतारे पेड़ों से होर्डिंग्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पर्यावरण सरंक्षण में कार्यरत ग्रीन अर्थ संगठन की टीम ने पिछले एक साल से धर्मनगरी में पेड़ों को बैनर्स व होर्डिंग्स मुक्ति का अभियान चलाया हुआ है। संगठन अभी तक पेड़ों से हजारों बैनर्स व होडिंग्र्स उतार चूका हैं। एनजीटी ने पेड़ों पर बैनर्स, होर्डिंग्स, तारें, केबल तथा लाइट आदि लगाना प्रतिबंधित किया हुआ है तथा एनजीटी में उपायुक्त कुरुक्षेत्र को इसकी पालना सुनिश्चित करने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद, शहर में आये दिन कोई न कोई कोचिंग सेंटर, दुकानदार, होटल, धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थान पेड़ों पर होर्डिंग्स लगा देता है जिसकों ग्रीन अर्थ की टीम उतारती रहती है। ये संस्थान आदेशों की अवेहलना करके पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

संगठन के सदस्य जगत सिंह ने बताया कि आज भी शहर में अलग अलग स्थानों से पेड़ों से बैनर्स व होडिंग्र्स उतारे हैं तथा अधिकतर पेड़ों को होडिंग्र्स बैनर्स तथा कीलों से मुक्त किया जा चूका है।

- संस्थानें आदेशों की अवेहलना करके पेड़ों को नुकसान पहुंचा रहे





### एनजीटी के आदेशों की अवेहलना

लगातार चेताने के बावजूद कुछ संस्थान होर्डिंग्स लगाने से बाज नहीं आ रहे हैं जिनके खिलाफ प्रशासन को कानूनी कार्यवाही अमल में लानी चाहिए। संगठन सदस्य मोनिका भारद्वाज ने बताया कि पेड़ों पर बैनर्स, होडिंग्र्स, तारें, केबल तथा लाइट आदि लगाना गैरकानूनी है तथा एनजीटी के आदेशों की अवेहलना हैं। उन्होंने बताया की यदि कोई भी कोचिंग सेंटर, शैक्षणिक संस्थान या राजनैतिक पार्टी आदि पेड़ों पर बैनर्स/ होर्डिंग्स लगाने से बाज नहीं आता है तो उसके खिलाफ ऋकफ व एनजीटी में कंटेम्प्ट याचिका दायर की जाएगी। संगठन ने अपील की है कि पेड़ों से अपने बैनर्स/ होडिंग्र्स तुरंत उतार लें तथा पेड़ों को नुकसान न पहुंचाए।

### आग से दुकान जलकर राख, सिलेंडर फटा

**पानीपत।** पानीपत में एक दुकान में भीषण आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। साथ ही आग दुकान में रखे फ्रिज में आग भी लग गई। आग लगने की सूचना राहगीरों ने दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची। करीब डेढ़ घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसा पानीपत शहर के लाल बत्ती चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के बाहर चाय की दुकान में हुआ। घटना के दौरान आग दूसरे गैस सिलेंडर के नजदीक पहुंच गई थी, दमकल कर्मियों ने सिलेंडर पर पानी डालकर आग को बुझाया और सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकाला। माना जा रहा है कि आग बिजली के शॉट सर्किट के चलते लगी।

- बिजली के शॉट सर्किट के चलते लगी आग

# किसान हित के लिए आंदोलन करेगा एआईएफए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत





पानीपत। अखिल भारतीय किसान सभा के पदाधिकारीगण बैठक करते हुए।

अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक कामरेड शिव वर्मा स्मारक भवन में जिला प्रधान डॉक्टर सुरेंद्र मलिक की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव राजपाल गाहल्याण ने किया। सभा के राज्य सह सचिव मनोज कुमार ने कहा कि पिछले दिनों देश में हुए लोकसभा चुनाव के अंदर देशव्यापी किसान आंदोलन के साथ किए विश्वास घात का खामियाजा भाजपा नेतृत्व वाली मोदी सरकार को झेलना पड़ा। पार्टी की खुद की 63 सीटें कम हो गई। पंजाब, हरियाणा राजस्थान और उत्तर प्रदेश के अंदर भाजपा को किसानों ने बड़ा सबक सिखाया। किसान सभा ने कंगना रनौत बीजेपी एमपी थप्पड़ कांड के बारे में कहा कि महिला पुलिस कर्मचारियों ने अपनी ड्यूटी के कर्तव्य का पालन करते हुए उनको जांच प्रक्रिया से गुजरने के लिए कहा और उसके बदले में जांच करवाने की बजाय कंगना रनौत के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में आलोचना की और सरकार से मांग की की महिला कर्मचारी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाए। भविष्य की आंदोलन संबंधी निर्णय लेते हुए कहा कि जिले के अंदर यमुना से लगते गांव की जमीन संबंधी जारी लंबे विवाद के समाधान बारे, किसानों को नए बिजली कनेक्शन देने बारे और पिछले दिनों आए भारी चक्रवर्ती तूफान में किसान मजदूर के हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग को लेकर इसराना ब्लॉक के एसडीएम और उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किए जाएंगे। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा सह सचिव सुनील दत्त, दिलावर सिंह राठी, उप प्रधान सीताराम शर्मा, राम रूप सैनी, गजे सिंह गवालडा, गुलाब सिंह पट्टी कल्याण, एस.ए.खान, राजवीर गिरी छाजपुर कलां आदि उपस्थित रहे।

- अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी की बैठक में लिया निर्णय

खबर संक्षेप

## लकड़ी से भरी ट्रैक्टर-ट्राली ने युवक को कुचला

**यमुनानगर।** बूडिया चौक के पास सड़क पार कर रहे युवक को ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचल दिया। जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। गांधीनगर कालोनी निवासी कौशल ने बताया कि वह मजदूरी करता है। उसका बड़ा भाई 24 वर्षीय ललित भी मजदूरी करता था। मंगलवार सुबह वह दोनों काम के लिए निकले थे। जब बूडिया चौक पर पहुंचे तो उसका भाई ललित शांति धर्म कांटा के पास सड़क पार करने लगा। तभी बूडिया चौक की ओर से लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर आए चालक ने लापरवाही से चलाते हुए ललित को सीधी टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। जिससे उसके भाई की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया।

## हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

पानीपत। थाना तहसील कैंप पुलिस ने दीनानाथ कॉलोनी में डीजे बजाने को लेकर हुई कहासुनी में ईट से जानलेवा हमला करने मामले में आरोपी प्रेम निवासी दीनानाथ कॉलोनी को रिगफ्तार किया है। थाना तहसील कैंप प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी साहिल व महिला आरोपी मीनू के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। इस मामले में थाना तहसील कैंप में दीनानाथ कॉलोनी निवासी सुरेश पुत्र किशनचंद की शिकायत पर केस दर्ज है।

## मारपीट के दो आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने सनौली रोड पर निशांत मार्केट में कर्मचंद पुत्र शुगनचंद के साथ मारपीट कर चोट मारने के मामले में दो आरोपियों उत्कर्ष निवासी हुडा सेक्टर 12, पानीपत व रणजीत निवासी गांव उग्राखेड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है।

## किशोरी का अपहरण केस दर्ज

पानीपत। हरियाणा के पानीपत शहर में चांदनीबाग थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी से 11 साल की लड़की को पड़ोस में रहने वाला 16 साल का लड़का भगा ले गया। लड़की को बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से लड़का लेकर गया है। जिस वक्त बेटी गायब हुई, उस वक्त मां काम पर गई हुई थी।

### विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए बताए योगासन

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगाभ्यास शिविर का आयोजन

अमित कांबोज ने सभी लोगों को विशेष प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय प्रशासन, आयुष विभाग, पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट शाखा रादौर की ओर से मंगलवार को रादौर के सफल पैलेस में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना रादौर प्रभारी इंस्पैक्टर महेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योग शिविर का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण व भारत माता की जय के नारे के साथ किया गया। शिविर में पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी, हरियाणा योग आयोग के जिला कार्यकारिणी सदस्य अमित काम्बोज, आयुष विभाग के अधिकारी डॉ.रजनीश व डॉ.संजीव ने अपनी सेवाएं दी। अमित कांबोज ने सभी लोगों को विशेष प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया। उन्होंने सभी लोगों को शिथिलीकरण की क्रियाएं, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वज्रासन,



**यमुनानगर।** रादौर में आयोजित योग शिविर में भाग लेते स्थानीय लोग।

मण्डूकासन, शशकासन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी व ध्यान आदि यौगिक क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

उन्होंने कहा कि इनके रोजाना अभ्यास से विभिन्न गम्भीर बीमारियों जैसे उच्च व निम्न रक्तचाप, शुगर, मोटापा, हृदयाघात, माइग्रेन व एलर्जी आदि गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। पतंजलि योग समिति के तहसील प्रभारी अमित कांबोज ने बताया कि रादौर के उपमंडल स्तर के कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी विभागों के सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों तथा आम नागरिकों में एकरूपता बनाने हेतु विशेष प्रोटोकॉल के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके लिए सरकार की तरफ से सभी विभागों को इसमें शामिल होने के आदेश जारी किए गए हैं। इस अवसर पर पतंजलि योग समिति के कार्यकर्ता जगमाल सिंह, डॉ.विनोद शर्मा, सुरेंद्र वर्मा, सतीश अग्रवाल, वेद कांबोज, सुभाष, बक्शीश सैनी, संजय गुप्ता, यशवंत राणा, शीशपाल मेहता, मदन सैनी, मंगतराम बठला, जोगेंद्र कांबोज व पंकज वाल्मीकि आदि मौजूद थे।

# मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर भाजपाइयों ने बांटे लड्डू

- एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** रादौर में लड्डू बांटकर खुशियां मनाते भाजपा कार्यकर्ता। *फोटोः हरिभूमि*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर मंगलवार को भाजपा के तत्वावधान में कई गांवों में लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांव बुबका, खुर्दबन, रादौर, लक्खासिंह खेड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर कार्यकर्ताओं लड्डू बांटे तथा एक-दूसरे को बधाई दी। अमित कांबोज बुबका, हैप्पी खेड़ी लक्खा सिंह खेड़ी, सतीश सैनी खुर्दबन आदि ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। आज तक देश में किसी भी प्रधानमंत्री ने लगातार तीन बार देश की कमान नहीं संभाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जनता ने तीसरी बार चुनकर अपनी जागरूकता की मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि नवनियुक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली कलम से किसानों के खातों में राशि डालने का काम किया है।

# घर पर ईंटों से हमला कर व्यक्ति को किया घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

शहर की जोगिंद्र नगर कॉलोनी में रंजिश को लेकर कुछ लोगों ने ईंटों से घर पर हमला कर एक व्यक्ति को घायल कर दिया। जोगिंद्र नगर निवासी मीनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ दिन पहले उसके पिता राजकुमार का कृष्ण उर्फ गंजा के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया। इसके बाद से आरोपी उसके पिता से रंजिश रखने लगा। मीनू ने बताया कि नौ जून को रात आठ बजे वह अपने घर पर काम कर रही थी। इस दौरान आरोपी कृष्ण उर्फ गंजा अपने परिवार के सदस्यों सीबा, बोनी व रूबी के साथ आया। आरोपियों ने आते ही गाली गलौच शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने ईंटें बरसानी शुरू कर दी। ईंटें लगने से उसका पिता राजकुमार घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। उसने अपने पिता को अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## व्यक्ति ने महिला के साथ की अश्लील हरकतें

**यमुनानगर।** घरों में सफाई का काम करने वाली महिला ने एक व्यक्ति पर उसे कमरे में खींचकर अश्लील हरकतें करने का आरोप लगाया है। शहर की एक कॉलोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह लोगों के घरों में साफ सफाई करने का कार्य करती है। वह विष्णु गार्डन में मकान में काम कर रही थी। तभी वहां पर विष्णु गार्डन निवासी अमरजीत सिंह आया। आरोपी ने आते ही उसके साथ अश्लील हरकतें करना शुरू कर दिया। उसके विरोध करने पर आरोपी ने उसे जाति सूचक शब्द कहे। वह किसी तरह वहां से भाग निकली और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शिविर में शिकायत लेकर पहुंची महिला

- एसपी ने संबंधित थाना प्रभारी को दिए तुरंत कार्रवाई के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला सचिवालय में चल रहे समाधान शिविर में मंगलवार को एक महिला ने एसपी गंगाराम पुनिया से उसकी लापता हुई बेटी की तलाश करवाए जाने की गुहार लगाई। पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया ने तुरंत संबंधित थाना प्रभारी को महिला की बेटी की तलाश किए जाने के आदेश दिए। मंगलवार को मंधार गांव की एक महिला ने जिला सचिवालय में चल रहे समाधान शिविर में पहुंच कर पुलिस अधीक्षक गंगाराम पुनिया को बताया कि उसकी बेटी कई दिन से लापता



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में चल रहे समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए एसपी गंगाराम पुनिया। *फोटोः हरिभूमि*

है। उसके बारे में कहीं पता नहीं चल रहा है। जिसे सुनकर एसपी ने तुरंत संबंधित थाना प्रभारी को लड़की की तलाश किए जाने के निर्देश दिए। वहीं, एक अन्य महिला ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि उसके ससुराल वाले उसे बहुत तंग करते हैं। ससुराल में उसका जीवन बेहाल हो गया है। इस पर पुलिस कप्तान ने तुरंत सम्बंधित पुलिस अधिकारी को निर्देश दिए कि शाम को पीड़िता के घर पुलिस भेजकर जो भी कार्रवाई बनती है उसे किया जाए। साथ ही मामले में जो दोषी पाया जाता है उसके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें।

# महान कलाकारों ने बढ़ाई देश की शोभाः डॉ. निर्मल

- शहर के डीएवी गर्ल्स कॉलेज में प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता एवं महान गायक किशोर कुमार की याद में किशोर नाइट का हुआ आयोजन
- किशोर नाइट में कलाकारों ने प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार के गीत सुनाकर सभी को किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज में सोमवार रात प्रसिद्ध गायक एवं फिल्म अभिनेता किशोर कुमार की याद में प्रशंसको द्वारा किशोर नाइट का आयोजन किया गया। संगीतमयी किशोर नाइट में मुख्यातिथि के रुप में शहर के वरिष्ठ अस्थमा रोग विशेषज्ञ एवं प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित किशोर नाइट में आयोजक मुख्यातिथि डॉ. निर्मल सिंह का फूलमालाएं पहनाकर स्वागत करते हुए।

ने भाग लिया। मुख्यातिथि का आयोजकों द्वारा फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। मुख्यातिथि एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि हमारे देश में किशोर कुमार जैसे अनेको महान कलाकार हुए हैं। जिन्होंने अपने गीतों से विश्व भर में देश का नाम रोशन किया है। डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि हमें महान कलाकारों की याद में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहना चाहिए। जिन्होंने ना केवल लोगों अपनी कला से लोगों का मनोरंजन किया है, बल्कि विश्व भर में देश की शोभा भी बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि किशोर कुमार ना केवल एक प्रसिद्ध महान सिंगर थे, बल्कि वह फिल्मों में भी बड़े अभिनेता थे। जिनकी याद में किशोर नाइट का आयोजन किया गया है। उन्होंने किशोर नाइट के आयोजकों का कार्यक्रम आयोजन करने के लिए आभार जताया।

### कार्यक्रम से किया याद

डॉ. निर्मल सिंह ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करके जहां महान कलाकारों को याद करने का मौका मिलता है, वहीं, युवा पीढ़ी को ऐसे महान कलाकार के जीवन के बारे में पता चलता है और वह उनके जीवन से प्रेरित होते हैं। इस दौरान प्रशंसकों की मांग पर मुख्यातिथि एवं प्रसिद्ध समाजसेवी ने किशोर कुमार के एक प्रसिद्ध गीत पल पल दिल के पास...गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर डॉ. अन्नु आदि मौजूद रहे।

# मलेरिया व डेंगू से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने करवाया सर्वे

- घर-घर पहुंचकर स्वास्थ्य कर्मियों ने लोगों को किया बचाव को लेकर जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

स्वास्थ्य विभाग की ओर से मंगलवार को रादौर के खेड़ा मोहल्ला, माता मोहल्ला व वाल्मीकि बस्ती में मलेरिया व डेंगू से बचाव को लेकर रैपिड फीवर सर्वे करवाया गया। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर मलेरिया व डेंगू के लारवे की जांच की और लोगों को बचाव के बारे में जागरूक किया। एसएमओ डॉ.विजय परमार के नेतृत्व में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.सुशील सैनी, कीट



**यमुनानगर।** घर-घर जाकर लारवे की जांच करते स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी।

संग्राहक दीपक कुमार, हेल्थ इंस्पेक्टर अतर सिंह आदि की टीम ने मंगलवार को घर-घर जाकर मलेरिया व डेंगू के लारवे की जांच की। टीम के सदस्यों ने कूलर, फ्रिज, गमले, छतों पर पड़े पुराने टायरों में जमा पानी की जांच की। कई घरों में रखे कूलर में डेंगू का लारवा पाया गया। जिसको साफ करके नष्ट किया गया।

# शिकायतों का तुरंत करें निवारणः कैप्टन

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशों अनुसार मंगलवार को जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने की।

मौके पर पुलिस अधीक्षक समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर में जिले के 60 नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिनका उपायुक्त द्वारा समाधान किया गया। मंगलवार को आयोजित शिविर में करीब 60 शिकायतें



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए जिला उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व अन्य अधिकारी।

परिवार पहचान पत्र, पीपीपी, गली निर्माण, रास्ता अवरुद्ध करने व खाद्य एवं पूर्ति विभाग से संबंधित अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने इस समस्याओं को संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देकर समाधान करवाया।

### प्राथमिकता के आधार पर करें समस्या का निवारण

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शिविर में अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निवारण करें। नागरिकों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो और उनको एक समस्या के लिए अधिकारियों के पास बार बार न आना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिविरों में स्वयं उपस्थित होकर गंभीरता के साथ जनता की समस्याओं को सुनें व उनका हर संभव समाधान करें। इस अवसर पर एसपी गंगाराम पूनिया, एडीसी आयुष सिन्हा, एसडीएम जगाधरी सोनू राम, सीटीएम पीयूष गुप्ता, डीआरओ श्याम लाल व डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# भव्य रुप से मनाया जाएगा योग दिवसः डॉ. कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को शहर के तेजली खेल परिसर में जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर तेजली खेल परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को योग शिविर के दूसरे दिन कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. पवन कुमार की देखरेख में साधकों ने यौगिक क्रियाएं की। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. पवन कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को तेजली खेल परिसर में भव्य रुप से मनाया जाएगा।



**यमुनानगर।** तेजली खेल परिसर में चल रहे तीन दिवसीय योग शिविर में दूसरे दिन यौगिक क्रियाएं करते साधक।

शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सा अधिकारी, आयुष फार्मासिस्टए, आयुष योग सहायक, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी जय कुमार, योग सहायकों व योग अनुदेशकों समेत अन्य साधक भाग ले रहे हैं।

मुसीबत

### बारिश हुई तो लोगों को उठाना पड़ेगा भारी नुक्सान

नाले के गंदगी से अटा पड़ा होने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा

# गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की साफ सफाई नहीं होने से रादौर के लोग परेशान

- रादौर की वीआईपी कॉलोनी के लोगों ने की नाले की साफ सफाई करवाए जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर की वीआईपी कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले की साफ सफाई नहीं होने से लोगों में रोष व्याप्त है। कॉलोनी के लोगों ने जिला प्रशासन से वीआईपी कॉलोनी में गंदगी से अटे पड़े नाले की समय रहते साफ सफाई करवाए जाने की मांग की। वीआईपी कॉलोनी रादौर निवासी पूर्व पंच



**यमुनानगर।** रादौर की वीआईपी कॉलोनी में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए नाले में अटी पड़ी गंदगी तो दिखाते कॉलोनी के लोग। *फोटोः हरिभूमि*

धर्मबीर दारसी, राजू, सुखबीर सिंह, फकीरचंद व कर्ण आदि ने बताया कि उनकी वीआईपी कॉलोनी एसके रोड़ के पास पड़ती है। कुछ समय पहले सरकार द्वारा पानी निकासी के लिए कॉलोनी में सड़क किनारे नाले का निर्माण करवाया गया था। मगर नाला के निर्माण कार्य के बाद उसकी साफ सफाई नहीं की गई। जिससे नाला गंदगी से अटा पड़ा है। उन्होंने बताया कि मानसून का मौसम शुरु होने वाला है। यदि बारिश हो गई तो वीआईपी कॉलोनी से गंदे पानी की निकासी नहीं हो सकेगी और बारिश का पानी गलियों में भर जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में वह कई बार स्थानीय अधिकारियों को अवगत करवा चुके हैं। मगर अभी तक नाले की साफ सफाई नहीं करवाई गई है। आलम यह है कि नाला के गंदगी से अटा पड़ा होने से आसपास का वातावरण दूषित हो रहा है और पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से नाला की जल्द सफाई करवाए जाने की मांग की।

# एनीमिया मुक्त अभियान की शुरूआत

- अनीमिया के चलते नहीं हो पाता बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास : कांबोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** सरकारी अस्पताल रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज। *फोटोः हरिभूमि*

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रादौर में मंगलवार को 100 दिन का एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसएमओ डॉ.विजय परमार ने की। मौके पर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्य अतिथि कर्णदेव कांबोज ने अनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत बताया कि सरकार द्वारा 100 दिन के अनीमिया मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की गई है। क्योंकि अनीमिया के कारण बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास नहीं हो पाता। व्यस्कों में काम करने की क्षमता कम हो जाती है। डॉ.विजय परमार ने बताया कि गर्भावस्था में अनीमिया से प्रसवपूर्ण हानि, समय से पहले बच्चे का जन्म, कम वजन वाले बच्चे पैदा हो सकते हैं। इस अवसर पर पल्लवी मार्य, मंडल अध्यक्ष हैप्पी खेड़ी, चेयरमैन धर्म सिंह बंचल, राजीव आर्य सन्नी, सुरेंद्र चीमा, सतीश सैनी, डॉ.बिमल गर्ग, सतीश चौधरी, गुलशन कुमार, अंकित, सुशील बत्तरा, रीना कालड़ा, कविता, संगीता, सुनीता, प्रिंस, संदीप सैनी, महेश कुमार बंटी, उमेश व इतिका कांबोज आदि मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### आज होगी 21 दिवसीय पंचधुणी तपस्या सम्पूर्ण

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र। महाकाली मंदिर सिलसिला रोड नजदीक स्काईट कॉलेज कुरुक्षेत्र में पंचधुणी गुरु सुनील नाथ जी की तपस्या का 20 वां दिन संपन्न हुआ। मस्त फक्कड़ नाथ शिव शक्ति आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के प्रधान जितेन्द्र बंसल ने बताया कि सुनील नाथ पिछले 20 दिन से 21 दिवसीय तपस्या में मंदिर के प्रांगण में बैठे हुए हैं। नाथ की यह पंचधुणी दूसरी तपस्या है जबकि वे जल तपस्या, श्रावण मास तपस्या, गुप्त निवास आदि विभिन्न प्रकार की 15 सालों से तपस्या कर रहे हैं। तपस्या के दौरान सेवा कर रहे मुख्य सेवादार हठयोगी गोविंद नाथ ने बताया कि नाथ सुबह 4 बजे पूजा पर बैठ जाते हैं।

### मधुक्रांति बी फार्मर्स सोसायटी ने सौंपा मांग पत्र

कुरुक्षेत्र। मधुक्रांति बी फार्मर्स वेलफेयर सोसायटी ने सभी ब्रांडेड शहद कंपनियों, शहद निर्यात कंपनियों द्वारा शहद में मिलावट की जांच हेतु स्वतंत्र एसआईटी गठित करने तथा मौन पालक शहद उत्पादक किसानों की शहद खरीदारी शुरू करवाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि मौन पालक आज बहुत ही बुरे दौर से गुजर रहा है क्योंकि मधुमक्खी पालकों को शुद्ध शहद का बाजार में कोई खरीदार नही है।

### भीषण गर्मी में जलसेवा सर्वोत्तम सेवा : संदीप



कुरुक्षेत्र। भीषण गर्मी के इस मौसम में जलसेवा सर्वोत्तम सेवा है। यही वजह है कि शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा जगह जगह मीठे ठंडे पानी की छबीले लगाई जा रही हैं। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था जेसीआई क्लब द्वारा भी शहर के सबसे पॉश इलाके सेक्टर 17 में मीठे ठंडे पानी की छबील लगाई गई। इस छबील में जेसीआई क्लब द्वारा जलजीरा, जूस, लस्सी, शरबत और ठंडा मीठा पानी राहगीरों को वितरित किया गया।

### अग्रसेन स्कूल का जेईई में शानदार प्रदर्शन

कुरुक्षेत्र। अग्रसेन पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के होनहार छात्र यश जिंदल, आकर्षित एवं रिद्धि ने 26 मई 2024 को आईआईटी मद्रास द्वारा आयोजित जेईई एडवांस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनित सूची में अच्छे रैंक के साथ अपना स्थान बनाया और सफलता का परचम लहराया। परीक्षा को उत्तीर्ण कर उन्होंने आईआईटी में अपना स्थान सुनिश्चित किया। परीक्षा में यश जिंदल ने कॉमन रैंक लिस्ट में 4241वाँ , आकर्षित ने 5166 वाँ रैंक हासिल कर इस पल की खुशी को और बढ़ा दिया।

## प्रशासन जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध

# समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों का हो रहा समाधान

इस मौके पर करीब 20 समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। समस्याओं का समाधान करते उपायुक्त शांतनु शर्मा।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में समाधान शिविर आयोजित करके महत्वपूर्ण कदम उठाया है, इस समाधान शिविर में संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जा रहा है तथा संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे है। उपायुक्त मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में इस पहल के तहत 9 बजे से 11 बजे तक समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस शिविर में जनता की समस्याओं को सुना जा रहा है और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है, समाधान शिविर में आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। इस समाधान शिविर के माध्यम से सरकार लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का उदेश्य रखती है। उपायुक्त ने कहा कि यह शिविर समस्याओं के समाधान में कारगर साबित होंगे, क्योंकि एक ही समय में सभी अधिकारी प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक 2 घंटे एक ही स्थान पर मौजूद रहते है, जिससे जनता और अधिकारियों में आपसी तालमेल रहता है। इस मौके पर करीब 20 समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर एडीसी डा. वैशाली शर्मा, डीएसपी अशोक कुमार, क्रिड की डीए मेनका, एआईपीआरओ बलराम शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### आमजन को मिलेगा एक ही छत के नीचे सभी समस्याओं का समाधान

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक अमन कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए प्रतिदिन समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में प्रतिदिन 9 बजे से 11 बजे तक अधिकारी आमजन की समस्याओं को सुनेंगे और उनका मौके पर समाधान करेंगे।एसडीएम अमन कुमार ने बताया कि आमजन की समस्याओं का अति शीघ्र निपटान करने के लिए हो सके इसके लिए प्रदेश सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हर रोज कार्य दिवस के दौरान समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस पहल के तहत, हर रोज सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में जनता की समस्याओं को सुना जाएगा व समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह पहल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने में सहायक होगी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकायों से बकाया प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शा स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड और सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध संबंधी शिकायतों और बिजली/सिंचाई/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा। इस मौके पर बीडीपीओ साहब सिंह, नगर पालिका सचिव मोहन लाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर होगा समाधान : सुधा



- प्रोपर्टी आईडी से संबंधित कार्य को सरल किया जा रहा : राज्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समय सीमा के अंदर हल किया जाएगा, इसके अलावा विकास कार्यों से संबंधित अधिकारी विकास कार्यों को पूरा करें, इस विषय में किसी भी प्रकार की कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। राज्यमंत्री सुभाष सुधा होटल पर्ल मार्क में कुरुक्षेत्र डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि एसोसिऐशन के पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश चहुमुंखी विकास के पथ पर है। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय विभाग के पोर्टल के बारे में बोलते हुए कहा कि इस पर प्रोपर्टी आईडी से संबंधित कार्य को सरल किया जा रहा है तथा आम व्यक्ति भी घर बैठे ही अपनी प्रोपर्टी से संबंधित आपति डाल रहा है तथा उसका समय सीमा के अंदर समाधान किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रोपर्टी आईडी से संबंधित आम व्यक्ति को इसकी जानकारी हो, इसके लिए सभी वार्डों में शिविर लगाए जा चुके है ताकि पोर्टल से संबंधित किसी को कोई समस्या ना हो। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रोपर्टी आईडी से संबंधित अपने फोन को भी अपडेट रखे, क्योंकि उस पर फोन पर ओटीपी पर आता है और वह फोन रिचार्ज नहीं होता है। इसलिए संबंधित नंबर को अपडेट रखे। उन्होंने एसोसिऐशन के पदाधिकारियों को कहा कि वे भी प्रोपर्टी आईडी से संबंधित जो एनडीसी के लिए कागज लेते है, वह पूरे हो, क्योंकि कई बार पोर्टल पर नाम कुछ और होता है और कागज में कुछ ओर, इसलिए मिलान के बाद ही रजिस्टरी के लिए अप्लाई करें। राज्यमंत्री ने कहा कि आगामी माह के अंदर थानेसर का रुप ओर बदल जाएगा और जो विकास कार्य चल रहे है, वह जल्द ही पूरे हो जाएंगे।

# कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा के सेवाकाल में तीन वर्ष की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रो. संजीव शर्मा को बधाई देते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

हरियाणा के राज्यपाल एवं कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय के आदेशानुसार हरियाणा राजभवन से प्राप्त पत्र क्रमांक 3582 दिनांक 11 जून, 2024 के अनुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा के कुलसचिव पद के कार्यकाल को 8 दिसम्बर 2023 से 7 दिसम्बर, 2026 तक आगामी तीन वर्षो के लिए बढ़ाया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने प्रो. संजीव शर्मा के कुलसचिव पद के कार्यकाल को आगामी तीन वर्षो तक बढ़ने के लिए बधाई दी। यह जानकारी लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने दी। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने तीन वर्ष कार्यकाल वृद्धि होने पर कहा कि वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में नैक से मान्यता प्राप्त ए-प्लस-प्लस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहने का सार्थक प्रयास करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन, निदेशक, शिक्षकों, अधिकारियों, कुटा प्रधान डॉ. दलीप कुमार, कुटा सचिव डॉ. राजपाल, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रो. संजीव शर्मा को तीन साल के सेवाकाल में वृद्धि होने पर बधाई दी।

### प्रो. संजीव शर्मा का शैक्षणिक अनुभव

प्रो. संजीव शर्मा को 20 वर्षों का शैक्षणिक अनुभव है। वे 07.12.2020 से अब तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में कुलसचिव के पद पर कार्यरत हैं। 29.07.2022 से 03.07.2023 तक महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मुंदरी, कैथल में रजिस्ट्रार (अतिरिक्त प्रभार) के पद पर कार्यरत रह चुके हैं। उनकी 2 पुस्तक व 54 शोध लेख प्रकाशित हो चुके हैं। 17 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार/सम्मेलन में भाग ले चुके हैं। प्रो. संजीव शर्मा को जून, 2019 में न्यूयॉर्क, यूएसए में अंतर्राष्ट्रीय शोध सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पेपर पुरस्कार प्राप्त हुआ तथा उनके मार्गदर्शन में 9 शोधार्थी पीएचडी कर चुके हैं व 6 शोधार्थी पंजीकृत हैं। 20 एमफिल छात्रों को वे निर्देशित कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त प्रो. संजीव शर्मा हरियाणा के अनेक विश्वविद्यालयों में विभिन्न समितियों के सदस्य रह चुके हैं।

## राष्ट्र निर्माण में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कमेटी रूम में मंगलवार को केयू राष्ट्रीय सेवा योजना की सलाहकार समिति की बैठक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में एनएसएस स्वयंसेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता आदि के लिए समाज में जागरूकता के लाने एनएसएस स्वयंसेवकों को अपनी भूमिका समझते हुए आगे बढ़कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार एवं माय भारत पोर्टल पर पंजीकरण के लिए सभी विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाएगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए बड़े स्तर पर आयोजन किए जाएंगे। इसके साथ ही कौशल संबंधित गतिविधियों एवं शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा। बैठक में एनएसएस सलाहकार की इस बैठक में कार्यक्रम, योजना सहित एनएसएस के विकास के मुद्दों पर निर्णय लिया गया। इसके साथ ही सत्र 2023-24 में किए गए कार्य, लक्ष्य प्राप्ति, बजट आय-व्यय एवं गतिविधियों की समीक्षा की गई।

## पंडित राम प्रसाद बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे : श्रीप्रकाश




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पंडित राम प्रसाद बिस्मिल बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कुल ग्यारह पुस्तक लिखी थीं। वे इन पुस्तकों को स्टॉल लगाकर खुद भी बेचते थे। उनकी पुस्तकों में स्वाधीनता का अंश होता था। यही कारण है कि उनकी पुस्तकों को लोग ज्यादा पसंद करते थे। बहुत कम ही लोग जानते होंगे कि उन्होंने क्रांतिकारी बनने के बाद पहला तमंचा अपनी किताब की बिक्री से मिली राशि से ही खरीदा था। बिस्मिल एक रचनाकार, कवि, इतिहासकार और साहित्यकार के साथ साथ कुशल बहुभाषी अनुवादक भी थे। यह विचार पंडित राम प्रसाद बिस्मिल की जयंती के अवसर पर मातृभूमि सेवा मिशन के संयोजक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया।

## एनीमिया कंट्रोल कार्यक्रम के तहत हीमोग्लोबिन की जांच की

- दूध पिलाने वाली माता व सभी स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों की हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा




लाडवा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित डॉक्टर पवन सैनी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में पूर्व प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक लाडवा डाक्टर पवन कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में रिबन काटकर एनीमिया कंट्रोल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के तहत पूर्व प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक लाडवा डाक्टर पवन कुमार व उनके साथ आए सभी गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपने खून हीमोग्लोबिन की जांच करवाई और आम जनता को ज्यादा से ज्यादा हीमोग्लोबिन की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि लगभग विभिन्न आयु वर्ग अनुसार जैसे की 6 महीने से 59 माह तक, 5 साल से 9 साल तक के बच्चे,10 साल से 19 साल के किशोरावस्था के बच्चे ,29 साल से 49 साल तक की रिप्रोडक्टिव उमर वाली महिलाएं, दूध पिलाने वाली माता व इनके अलावा सभी स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों की हीमोग्लोबिन की जांच की जाएगी जिसमें इस कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा के अंतर्गत लगभग 45360 लाभार्थियों का खून की जांच की जानी है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टर जसविंदर, डॉक्टर विशाल, डॉक्टर कमल कांत दंत चिकित्सक, कमलजीत कौर, नर्सिंग ऑफिसर इंचार्ज रामवीर, एल टी सुखबीर, कुसुम लता, मीना कुमारी व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जनता ने कांग्रेस की विकासवादी सोच पर मोहर लगाने का बनाया मन : संदीप



पिहोवा। गांव खेड़ी शहीदां में ग्रामीणों से बातचीत करते स्वामी संदीप ओंकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जय ओंकार अंतर्राष्ट्रीय सेवाश्रम संघ के अध्यक्ष स्वामी संदीप ओंकार ने मिशन विधानसभा चुनाव के लिए चलाए गए अपने जनसंपर्क अभियान के तहत उपमंडल के गांव खेड़ी शहीदां पहुंचकर लोगो को कांग्रेस पार्टी की नीतियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया।

संदीप ओंकार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के गांवों को आधुनिक बनाने के लिए कई योजनाएं बना रखी है। कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी संदीप ओंकार ने कहा कि जनसंपर्क अभियान के तहत उन्हें लोगो का भरपूर प्यार व सहयोग मिल रहा है। जिसके बलबूते पर वह कह सकते है कि हरियाणा की जनता ने भ्रष्टाचार और जातिवाद पर आधारित भाजपा की राजनीति को सिरे से नकार कर कांग्रेस की विकासवादी सोच पर अपनी मोहर लगाने का पूरा मन बना लिया है।

## हरमन ने नीट में 623 अंक प्राप्त किए

- 97 परसेंटाइल के साथ 1428 कैटिगरी रैंक प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद



सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरएस घुम्मन ने बताया कि स्कूल की होनहार छात्रा हरमन चौहान ने नीट एक्जाम में 623 अंक प्राप्त करके अपने विद्यालय व माता-पिता का नाम रोशन किया। हरमन चौहान ने बायोलॉजी में 99 परसेंटाइल, केमिस्ट्री में 96 परसेंटाइल, फिजिक्स में 95 परसेंटाइल और ओवरऑल 97 परसेंटाइल के साथ 1428 कैटिगरी रैंक प्राप्त कियाहै। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ० घुम्मन ने हरमन चौहान व उसके अभिभावक और सभी टीचर्स को बधाई दी। उन्होंनें ने कहा कि नीट एक्जाम पास कर के अच्छा रैंक प्राप्त करना कड़ी मेहनत और लग्न का नतीजा है जो विद्यार्थी अपने लक्ष्य का पीछा पूरी ईमानदारी से करता है वो अवश्य ही उस लक्ष्य को प्राप्त करता है और अपने जीवन में कामयाब होता है। उन्होंने ने हरमन को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभ कामनाएं दीं और एक अच्छा डॉक्टर बनकर समाज में अपनी सेवाएं देने के लिए आशीर्वाद दिया। इस उपलब्धि के लिए स्कूल मैनेजमेंट के सदस्यों और स्कूल स्टाफ ने हरमन चौहान और उनके माता पिता को बधाई दी।

### प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित

# सतयुग संगीत कला केंद्र के 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

- इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देते आयोजक।

सतयुग संगीत कला केंद्र शीला नगर में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। प्रतिभागियों सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ उनके अंदर छिपी प्रतिभाओं को उभारना और उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था। समर कैंप में विद्यार्थियों को गिटार, कोंगो, वेस्टर्न डांस, सेमी क्लासिकल डांस, जुंबा सिखाए गए। कैंप में बच्चों ने गुणात्मक व कलात्मक विकास के लिए गतिविधियों में भाग लेकर अपने ज्ञान में बढ़ोतरी की। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में बच्चों ने कैंप में सीखी हुई विभिन्न प्रतिभाओं को प्रस्तुत किया। संगीत कला केंद्र की प्रिंसीपल अनु ललित ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने 10 दिन में जो सीखा उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। प्रिंसिपल अनु ललित ने बताया कि समर कैंप में बच्चों को उनकी रुचि के अनुसार एक्टिवीटिज में प्रशिक्षण दिया गया। अनु ललित ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा के साथ ही खेल व अन्य गतिविधियां बच्चों के लिए बेहद जरूरी है। बच्चों में अच्छे गुणों और संस्कारों का बीच बोने का यह सही समय है। इस समय उनके अंदर लचीलापन होता है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

### प्रतिभा में आता निखार

केंद्र के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से विद्यार्थियों की प्रतिभा में निखार आता है। समर कैंप विद्यार्थियों के लिए यह ऐसा समय है जो अमूल्य है। उन्होंने कहा कि समय के अर्थ को समझना चाहिए और अपने अमूल्य समय को व्यर्थ करने के स्थान पर अथक परिश्रम करना चाहिए। सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि समर कैंप का एक जून को शुभारंभ किया गया था।

### ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का शुभारंभ

कुरुक्षेत्र। कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र में 21 जून तक आयोजित होने वाले ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर प्रथम बैच का शुभारम्भ हुआ। केन्द्र के परियोजना समायोजक सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का सद्धुपयोग करने तथा वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए कुरूक्षेत्र पैनोरमा एवं विज्ञान केन्द्र रचनात्मकता, नवाचार तथा अभिरूचि के आधार पर प्रतिवर्ष विज्ञान की विभिन संकायों में ये ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर आयोजित करता है। केन्द्र द्वारा इस वर्ष ये अभिरूचि शिविर प्रथम शिविर 11 जून से 15 जून, द्वितीय शिविर 17 जून से 21 जून, चार संकायों में आयोजित किए जा रहे हैं। पहली से तीसरी कक्षा हेतु रचनात्मक कला जिसमें अवांछनीय एवं खराब वस्तुओं से रचनात्मक कार्य करवाए गए, तीसरी से छठी कक्षा हेतु प्रकृति को जानिए संकाय में प्रकृति एवं प्रकृति विज्ञान पर आधारित क्रियाकलाप कराए गए, कक्षा छठी से आठवी कक्षा हेतु बरनाली सिद्धांत पर आधारित उपकरण बनाना सिखाया गया।

## खबर संक्षेप


जैन स्थानक में पहुंचे जैन मुनि।

### जैन संतों का श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत

**मुलाना।** पद यात्रा करते हुए जैन संत युगपुरुष उप प्रवर्तक सुभाष मुनि महाराज व प्रवचन दिवाकर वाणी भूषण सुधीर मुनि महाराज मंगलवार को एसएस जैन भवन पंहुचे । यहां पहुंचने पर जैन समाज सहित सर्वसमाज के लोगों ने जैन संतो का भव्य स्वागत किया । जैन सभा मुलाना के प्रवक्ता श्रीपाल जैन ने बताया कि जैन संत बुधवार से जैन स्थानक में सुबह 8 से 9 बजे तक प्रवचन करेंगे ।

### धमकी देने के मामले में गिरफ्तार, केस दर्ज

**अंबाला।** थाना पंजोखरा में दर्ज मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी परमवीर सिंह उर्फ पीरू को गिरफ्तार किया है। टुंडली क जगजीत सिंह ने 23 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22 मार्च 2024 को नजदीक बाल्मीकि मन्दिर पंजोखरा में आरोपी परमवीर उर्फ पीरू व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज मारपीट, महिला दुर्व्यवहार-अपहरण, तोड़फोड़ करने व स्नेचिंग के मामले में आरोपी गुरवद्रिं सिंह को गिरफ्तार किया है। नरेश विहार के रहने वाले करनैल सिंह ने 1 जून 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 31 मई 2024 को नरेश विहार देवी नगर में आरोपी गुरवद्रिं सिंह तथा अन्य ने उसके घर में घुस कर हमला करने, महिला दुर्व्यवहार तथा अपहरण, फोन ले जाने, तोड़फोड़ करने और चेन छीन कर ले जाने का अपराधिक कार्य किया है।

# शोरूम में घुसकर मालिक पर किया हमला, सामान तोड़ा

- लाइट उतारने को लेकर हुआ विवाद
- पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

शोरूम में घुस पड़ोसी दुकानदार ने अपने साथियों समेत शोरूम संचालक पर हमला बोल दिया। वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हमले में घायल दुकानदार ने पुलिस को शिकायत सौंप कार्रवाई की गुहार लगाई है। विवाद किराए की दुकान की लाइट उतारने पर हुआ। जबकि शोरूम संचालक है कहना है कि वह पुराने शोरूम से कुछ लेकर नहीं आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर के जग्गी गार्डन के परमजीत सिंह ने बताया कि बलदेव नगर चड़ीगढ़ रोड पर चावला चिकन के साथ रॉयल वियर टेलर नाम से उसका शोरूम है। 8 जून की सुबह साढ़े 11 बजे वह अपने शोरूम पर था। इसी समय अमनप्रीत अपने 2 साथियों के साथ उसकी दुकान में जबरदस्ती घुस आया। उसने आते ही गाली गलौच शुरू कर दी। आरोपियों ने कहा कि वह उनके शोरूम की लाईट उतार के ले आया। उसने यह शोरूम पहले किराए पर लिया हुआ था। यहां, आरोपियों ने उसकी एक नहीं सुनी और मारपीट करने लगा। हमलावरों ने उसकी गर्दन पर कई वार किए। उसकी दुकान का सारा समान उठाकर इधर-उधर फेंक दिया। दुकान के शीशे व कुर्सियां टूट गई। शोरूम को काफी नुकसान पहुंचाया।

समाधान शिविर के तहत डीसी ऑफिस में सुनीं शिकायतें

# एडीसी ने मौके पर ही ज्यादातर समस्याओं का किया समाधान


अंबाला। लोगों की समस्याओं का मौके पर निपटान करतीं एडीसी।

**अंबाला।** राज्य सरकार के निर्देश पर आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए डीसी कार्यालय के कोर्टरूम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने इसकी अध्यक्षता करते हुए विभिन्नि स्थानों से आएं लोगों की समस्याओं को सुना और साथ ही वहा मौजूद सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उनकी समस्याओं का तत्काल से समाधान करने के नर्दिश दिए।अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने शिविर में अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आए लोगों की एक- एक करके समस्याओं को सुना और समस्याओं को सुनने के बाद तुरन्त सम्बधित विभाग के अधिकारी से उसकी जानकारी ली और साथ ही उस समस्या का तत्काल समाधान करने के नर्दिश दिएं। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को नर्दिश दिए कि वह समाधान शिविर में आएं लोगों की समस्याओं को गम्भीरता से ले और उनका समाधान भी जल्द करें। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने समाधान शिविर में आएं लोगों से उनकी समस्यओं को गंभीरता से सुनकर उसकी जानकारी ली और तुरंत कार्यवाही करते हुए सम्बंधित अधिकारी को इनका निवारण करने के नर्दिश दिए। इन समस्याओं में ज्यादातर समस्याएं परिवार पहचान पत्र व विभन्नि सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित रही। कुछ ने प्रॉपर्टी आईडी से संम्बंधित समस्याओं को भी रखा। अतिरिक्त उपायुक्त ने परिवार पहचान पत्र, वरष्ठि नागरिक सम्मान भत्ता व राशन कार्ड संबंधी अधिकतर समस्याओं का तत्काल समाधान किया व अन्य समस्याओं को लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द-जल्द निपटान करने के निर्देश दिए।

### अमेरिका का लालच देकर भेज दिया अन्य देश, 20 लाख ठगे

**अंबाला।** अमेरिका भेजने के नाम पर एक युवक से 20.66 लाख रुपए की धोखाधड़ी हो गई। युवक का आरोप है कि विदेश में उसे बंधक भी बनाया गयरू। युवक के पिता ने सीएम को शिकायत सौंप भेजकर कार्रवाई की गुहार लगाई। इसके बाद मुलाना थाने की पुलिस ने आरोपी एजेंट समेत 3 के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। गांव झाड़ू माजरा के मुल्तान सिंह ने सीएम को शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे को अमेरिका भेजना चाहता था। उसे कोई एजेंट नहीं मिल रहा था। जींद के गांव रामराई के विनोद कुमार का उसके गांव में आना-जाना था। जिसके साथ जानकारी थी। आरोपी ने कहा कि वह भी एजेंट का काम करता है और वह आपके बेटे को अमेरिका भेज देगा। आरोपी एजेंट ने बताया कि इस समय अमेरिका की स्कीम आई हुई हैं, जिसके लिए आपको 20.66 लाख रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

पंचायती जमीन पर कब्जा करके मकान बनाने के मामले को लेकर थी रंजिश

# पूर्व सरपंच पर हमले के मामले में कोर्ट जाने की चेतावनी के बाद सरपंच पर केस

**सरपंच पर कार से टक्कर मारकर नीचे गिराने के साथ लोहे की रॉड से हमला करने का आरोप**

- अभी भी उठने-बैठने व चलने-फिरने से लाचार
- परिजनों ने बेहोशी की हालत में शहजादपुर अस्पताल पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। हमले में जख्मी पूर्व सरपंच सिविल अस्पताल में उपचाराधीन।

सरपंच ने रंजिशन पूर्व सरपंच पर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। पूर्व सरपंच को इतना मारा कि उसकी टांग तोड़ दी और सिर पर गंभीर चोटें आई। इस हमले में पूर्व सरपंच को गंभीर चोटें आई, जिसके बाद पूर्व सरपंच उठने-बैठने व चलने-फिरने में असमर्थ है।

पूर्व सरपंच का आरोप है कि हमला के एक माह बीतने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। जब उसके बेटे ने हाईकोर्ट में जाने की बात कही तो मुकदमा दर्ज किया है। हमले में सरपंच के साथ अन्य लोगों की भी भूमिका है। गांव कोडवा खुर्द के पूर्व सरंपच अवतार सिंह ने बताया कि वह 8 मई की सुबह करीब सवा 9 बजे अपने छोटे भाई के घर से आ रहा था। जैसे ही वह बीआर स्कूल के पास पहुंचा तो गांव के सरपंच साहब सिंह ने अपनी गाड़ी की सीधी टक्कर मारी। वह बाइक समेत नीचे गिर गया। यहां आरोपी सरपंच ने अपनी गाड़ी से लोहे की रॉड निकाल ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। सरपंच ने धमकी देते हुए कहा कि तू हमारे रास्ते का कांटा है, निकाल कर ही छोड़ना है। आरोपी सरपंच ने इतना मारा कि वह बेसुध हो गया।

परिजनों ने उसे बेहोशी की हालत में शहजादपुर अस्पताल पहुंचाया। यहां से गंभीर हालत को देखते हुए अंबाला कैंट सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। वह अभी भी उठने-बैठने व चलने-फिरने से लाचार है। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसे चक्कर आते हैं। पीड़ति ने आरोप लगाए कि सरपंच साहब सिंह उसे जान से मारना चाहते हैं। इसमें सरपंच का भाई धलवद्रिं सिंह, महिला पंच का पति गुरमीत सिंह उर्फ सरुता, पंच का बेटा गुरतेज सिंह, दूसरी महिला पंच का पति गुरविंदर सिंह उर्फ सोनू और चरणजीत सिंह भी शामिल है। आरोपी उसके साथ रंजिश रखे हुए हैं, क्योंकि हमलावरों ने पंचायती जमीन पर कब्जा किया हुआ है। वह शुरुआत से ही आरोपियों के खिलाफ आवाज उठाता आया है। पीड़ति ने बताया कि सरपंच साहब सिंह व उसके भाई धलविंदर सिंह, महिला पंच ने पंचायती जमीन पर कब्जा करके मकान बनाया हुआ है। जबकि एसडीएम ने 2023 में जमीन को कब्जा मुक्त कराने के आदेश दिए थे। आरोपी सरपंच ने आज तक अपना मकान नहीं गिराया। पूर्व सरपंच की शिकायत के आधार पर शहजादपुर थाने की पुलिस ने आरोपी सरपंच के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


अंबाला। सड़क के शुभारंभ पर मौजूद दुकानदार व अन्य। फोटो :हरिभूमि

# सड़क व नाले का निर्माण कार्य शुरू

- दुकानदारों के साथ आसपास के लोगों ने निगम सदस्य मेघा ईशु गोयल का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

वार्ड नंबर 9 से कांग्रेस की निगम सदस्य मेघा गोयल ने मंगलवार को विजय वल्लभ स्कूल से लेकर सरकारी डिपो तक कि गली के नर्मिाण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। 19 लाख की राशि से बनने वाली इस सड़क के शुभारंभ के दौरान निगम सदस्य प्रतिनिधि ईशू गोयल व गली के दुकानदार वीरेंद्र हांडा भी विशेषतौर पर मौजूद रहे। यहां रहने वाले लोगों ने सड़क के नर्मिाण के लिए निगम सदस्य मेघा गोयल व निगम कमश्निर का धन्यावाद किया साथ ही विजय वल्लभ स्कूल के सदस्य सुरिंदर जैन ने बताया की यहां नाला व गली बुरी तरह टूट चुकी थी। इसकी लिखित मांग निगम सदस्य मेघा गोयल से की गई थी। गली व नाले के कार्य का शुभारंभ होने से स्कूल प्रबंधन समिति ने विधायक व निगम सदस्य मेघा गोयल व निगम कमश्निर का आभार जताया। सभी गली वाले व दुकानदारों गली के शुभारंभ पर लड्डू भी बांटे। इस मौके पर वीरेंद्र हांडा,विनोद कुमार, राकेश सरीन, विशाल बंसल, सचिन अग्रवाल, ज़मील अहमद, अकबर, रजत, सुरिंदर, स्पर्श गोयल, खुशबीर वालिया, नंद किशोर, अनिल जैन उपस्थित रहे।

# सिंहपुरा मोहल्ला से मुख्य बाजार में पैदल आना-जाना मुश्किल

- दुकानदारों का कारोबार ठप, बाजार में जाने के लिए पैदल पार पथ बनवाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। बराड़ा में बना हुआ रेलवे अंडरब्रिज। फोटो :हरिभूमि

सिंहपुरा मोहल्ला व अधोया की ओर से बराडा बाजार में पैदल आने-जाने वाले लोगों के लिए रेलवे अंडरब्रिज मुसीबत का सबब बनता जा रहा है। खासकर महिलाओं, बुजुर्गो व बच्चों के लिए बाजार में आना-जाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने रेलवे से अंडरपास के साथ-साथा पैदल पथ बनाए जाने की मांग की है ताकि आसनी से बाजार तक पहुंचा जा सके। आपको बता दें कि कस्बा के बीचों-बीच रेलवे लाईन है और रेलवे लाईन के दोनों ओर कस्बा की आबादी रहती है। पहले यहां पर रेलवे की दो फाटक हुआ करती थी लेकिन बाद में एक अंडरपास बना दिया गया जिससे वाहनों की आवाजाही होती है लेकिन एक साईड से दूसरी साईड रेलवे लाईन अंडरपास के जरिये पैदल पार करना राहगीरों के लिए मुसीबत बन चुका है। ऐसे में एक साईड से दूसरी साईड तक न जा पाने के कारण रेलवे लाईन के दूसरी ओर की दुकानदारी भी प्रभावित होती है। स्थानीय समाजसेवियों डॉ. कुलदीप शर्मा, राजीव गोयल, विजय शर्मा, गौरव, रोहित, प्रदीप व पवन मदान ने पैदल चलने वाले लोगों के लिए पैदल पार पथ बनाने की मांग की है ताकि पैदल यात्रियों को एक साईड से दूसरी साईड बाजार में आना-जाना आसान हो सके।



अंबाला। पुलिस हिरासत में पकड़े गए आरोपी। फोटो :हरिभूमि

# जेवरात का बैग लूटने के मामले में चार गिरफ्तार, माल जब्त

**अंबाला।** थाना नग्गल में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी लवप्रीत सिंह, संदीप कुमार, कमल कुमार व गुरवद्रिं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया है। ईस्माइलाबाद के धर्मेंद्र ने 14 मई 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह पंजाब से अपनी दुकान बंद करके घर पर आ रहा था। चार अज्ञात आरोपियों ने गांव कलावड के पास उसकी मोटरसाइकिल रोककर डंडों से मारपीट करके उससे गहनों से भरा बैग व मोबाईल छीन लिया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच की जम्मिवारी सीआईए-1 को सौंपी थी।

# समर कैंप: गायन से लेकर एक्टिंग करना सीखा


अंबाला। कैंप के समापन पर एकजुट बच्चे। फोटो :हरिभूमि

**अंबाला।** अंबाला शहर में सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र द्वारा लगाए गए 15 दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को भव्य समापन हो गया। समर कैंप में वद्यिार्थियों को गिटार, हारमोनियम, गायन, तबला, नृत्य, बांसुरी, डांस, मौखिक, और एक्टिंग क्लासेस का प्रशक्षिण दिया गया। इस समर कैंप में 100 से अधिक बच्चों ने भाग लिया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र पिछले अठारह वर्षों से अंबाला शहर में चलाया जा रहा है। जो कि प्रयाग संगीत समिति द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसमें विभन्नि प्रकार के संगीत से जुड़े प्रभाकर तक के कोर्स करवाए जाते हैं। कला केंद्र के बच्चे देश-विदेश में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन समय-समय पर करके अंबाला शहर का नाम रोशन कर रहे हैं। कैंप के समापन पर बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया और वाहवाही बटोरी। हवन का आयोजन भी किया गया।

**मांग** | निर्मल सिंह कार्यकर्ताओं से बोले-आप सब इस लड़ाई को योद्धा बनकर लड़े और जीते

# नीट के पेपर लीक होने की निष्पक्ष जांच करवाए राज्य सरकार

- पूर्व मंत्री नर्मिल सिंह ने धन्यवादी दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए राज्य सरकार पर बोला हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। ग्रामीणों के साथ मौजूद पूर्व मंत्री निर्मल सिंह। फोटो :हरिभूमि

अंबाला शहर विधानसभा के जैतपुरा, जोधपुर, जनधेडी, दानीपुर, कलावड, छपरा ,काठगढ रोशनपुर, कंगवाल, भुनी,सोटी, सोंटा, जनसुई, गोरसिया, जनसुआ, निहारसी, जगोली, शेखुपुर, ननयोला, लौटां, खुर्चनपुर ,बटरोहन, पंजौला, मलौर, इस्माइलपुर, भूडगंपुर, टंगेडियां, अहमा, भड़ी, डुडियाना, मानकपुर,डंगडेहरी, लोहगढ़, घेलखुर्द, देवीनगर, घेल, निजामपुर,लिहारसा इत्यादि गांवों का दौरा करके लोकसभा चुनावों में बढ़-चढ़कर मतदान कराने व तपती धूप में दिन रात एक करने वाले कार्यकर्ताओं धन्यवाद किया । इस अवसर पर निर्मल सिंह ने एक बार फिर कार्यकर्ताओं को कहा कि आप सब इस लड़ाई को योद्धा बनकर लड़े ओर जीते, आपसे बेहतर इस इलाका की लड़ाई कोई नहीं लड़ सकता! आपने अनेक गर्मियां, सर्दियां, धूप-छाँव, सत्ता-विपक्ष सब मेरे साथ मिलकर बिता दिए, अब बारी है विधानसभा चुनाव की तो अब से ही मेरा हर कार्यकर्ता नर्मिल सिंह बनकर चुनाव मैदान में उतर जाए और मुझे वश्विास है कि अगले तीन महीने आप घर नहीं बैठोगे और हर घर तक कांग्रेस की नीतियों का बढ़ चढ़ कर प्रचार भी करेंगे। नर्मिल सिंह ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज भाजपा सरकार युवाओ की दुश्मन बन बैठी है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में धांधली के आरोपों की सरकार नष्पिक्ष जांच कराए, और इस पूरे प्रकरण में सरकार यह सुनश्चिति करे कि धांधली में शामिल कोई भी दोषी बच न सके और नर्दिोष को बिना वजह फंसाया न जाए। पेपर लीक, फर्जीवाड़ा,धांधली ने युवाओं का भवष्यि चौपट कर दिया है। देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के पेपर लीक होने की खबरें आईं और अब परीक्षा परिणाम में धांधली के आरोपों से लाखों युवाओं और परिवार चिंता में हैं। परीक्षार्थियों को भवष्यि पर काले बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस दिन से ये परीक्षा हुई उसी दिन से सामने आई गड़बड़ियों की खबर से गड़बड़झाले का शक सभी को हो गया था। सरकार युवाओं को पेपर लीक, परीक्षा व भर्ती रद और नौकरियों में छंटनी करके चोट पहुंचा रही है।

### परीक्षा तंत्र पर उठा विश्वास

उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में चाहे नौकरी के लिए परीक्षा हो या प्रवेश के लिए परीक्षा हो, परीक्षा तंत्र से लोगों का वश्विास पूरी तरह से उठ चुका है। परीक्षा देने वाले युवाओ का आरोप है कि एक ही परीक्षा केंद्र के अभ्यर्थियों को बराबर अंक मिलना जांच प्रणाली पर संदेह पैदा करता है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता और शुचिता को बनाए रखना सरकार और परीक्षा कराने वाली एजेंसियों की सबसे पहली जम्मिेदारी होती है, क्योंकि इस प्रकार की कथित अनियमितता, धांधली से लाखों युवा छात्रों की वर्षों की मेहनत, सपनों और भवष्यि पर सीधा कुठाराघात होता है। युवा छात्र और उनके माता-पिता बड़ी उम्मीदों से अपने बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाते हैं परंतु जब परीक्षा में धांधली होती है तो इनकी भी सारी उम्मीदें टूट जाती हैं।


## URGENTLY REQUIRED

**THE POSTAL AND RMS EMPLOYEES COOP BANK LTD** IS MULTISTATE BANK WITH OVER Rs 500 CRORE OF WORKING CAPITAL AND IS CONSISTENTLY GROWING AND PROGRESSING. FOR IMPLEMETING ITS AMBITIOUS GROWTH PLAN. BANK NEEDS TO FILL UP FOLLOWING POSITIONS URGENTLY.

| Sr No | Name of Post | Qualification/Experience | Maximum Age |
|---|---|---|---|
| 1 | Branch Manager One Post | 1. M Com 2. CAIIB/Diploma in Coop Banking 3. CA/ICWS/CS/MBA(FINANCE) 4. 8 YEAR EXPERIENCE IN SUPERVISORY CAPACITY IN BANK/ COMMERCIAL INSTITUTION | 45 years |
| 2. | ACCOUNTANT/ ASST ACCOUNTANT One Post | 1. BCA/MCA/Bsc Computer 2. CISA/DISA/CSC 3. 3/5 year experience in CKYCR/CIBIL/RBIReturns/TDS/GST and other digital/software based applications. | 35 years |
| 3. | Bank Assistant 4 Post | 1. GRADUATE WITH DIPLOMA IN COMPUTERS. | 27 years |

Those who deserve for the desired slot should submit their application along with all relevant certificates by email on hrd@postalrmsbank.in within 10 days from the date of publication of this advertisement. No application will be accepted in person.

Dated 12.06.2024 Chief Executive Officer